लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (आईपीडी) इंडोनेशिया पहुंचा

...

श्री बिरला ने आज गरुड़ केंकाना कल्चरल पार्क और उलुवातु का दौरा किया

...

लोक सभा अध्यक्ष ने बाली में केकक नृत्य प्रदर्शन भी देखा और भारतीय संस्कृति के बाली के लोकाचार पर प्रभाव पर गर्व अनुभव किया।

...

भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल कल जकार्ता में पी 20 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह और कार्य सत्र में शामिल होगा

...

बाली (इंडोनेशिया), 5 अक्तूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला, जो वर्तमान में पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया में हैं, ने बाली में गरुड़ विष्णु केंकाना (जीडब्ल्यूके) कल्चरल पार्क का दौरा किया। गरुड़ विष्णु केनकाना कल्चरल पार्क में स्थित विशाल गरुड़ विष्णु केनकाना प्रतिमा वास्तु शिल्प और इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण है। यह प्रतिमा भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित है। इस अवसर पर श्री बिरला को प्रतिमा की अवधारणा और संकल्पना के बारे में जानकारी दी गई। श्री बिरला को यह जानकर खुशी हुई कि भारत की सांस्कृतिक उत्कृष्टता की झलक बाली में इतनी खूबसूरती से दर्शाई गयी है।

उसके बाद प्रतिनिधिमंडल बाली के विश्व प्रसिद्ध उलुवातु मंदिर पहुंचा। यह मंदिर बाली के नौ प्रमुख डायरेक्शनल मंदिरों में से एक है। अद्भुत वास्तुकला से सुसज्जित, यह मंदिर एक अद्वितीय स्थान पर स्थित है जहां ऊपर घने बादल हैं और नीचे चट्टानों पर लहरें आकर टकराती हैं।

बाद में, श्री बिरला ने उलुवातु केकक डांस ओपन थिएटर, बाली में केकक नृत्य प्रदर्शन देखा। चूंकि यह नृत्य रामायण से प्रेरित है, इसलिए इससे विशेष रूप से भारतीय मूल के लोगों में गर्व की भावना उत्पन्न होती है कि भारत की समृद्ध संस्कृति इतने दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैली हुई है।

P20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कल अर्थात 6 अक्तूबर, 2022 को होगा। इसका समग्र विषय "सतत सुधार के लिए सशक्त संसद" है। प्रतिनिधि समग्र विषय के व्यापक दायरे के भीतर चार उपवषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

शिखर सम्मेलन के अंत में एक संयुक्त वक्तव्य स्वीकार किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष 6 अक्तूबर, 2022 को "प्रभावी संसद, जीवंत लोकतंत्र" विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। वह कल "उभरते मुद्दे: खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, और आर्थिक चुनौतियां" विषय पर होने वाली चर्चा में भी भाग लेंगे।

राज्य सभा के उपसभापति कल "सामाजिक समावेशन, लैंगिक समानता और महिला अधिकारिता" विषय पर चर्चा में भाग लेंगे।

7 अक्तूबर 2022 को लोक सभा अध्यक्ष अपने विशेष संबोधन में जी -20 देशों के अध्यक्षों को भारत की संसद की अध्यक्षता में 2023 में भारत में होने वाले 9वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे।

इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही श्री बिरला अन्य संसदों के अध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।